# राजकीय सम्मान के साथ शहीद को दी श्रद्धांजलि

## छिंदवाड़ा के वीर सपूत अमर शहीद कॉरपोरल स्व. विक्की पहाड़े को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब






हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जम्मू और कश्मीर के पुंछ जिले में हुए हमले में शहीद हुए छिंदवाड़ा जिले के वीर सपूत अमर शहीद कॉरपोरल स्व.विक्की पहाड़े का पार्थिव शरीर सोमवार की सुबह भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से हवाई पट्टी इमलीखेड़ा लाया गया। यहां उनके पार्थिव शरीर को वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी और जवानों ने प्राप्त किया और प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों की मौजूदगी में उनका पार्थिक शरीर पूरे ससम्मान काफिले के साथ छिंदवाड़ा के नोनिया करबल स्थित उनके घर लाया गया।

शहीद कॉरपोरल स्व.विक्की पहाड़े को उनके घर पर जिले के कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री, सीईओ जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल, वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी, अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे, एएसपी श्री अवधेश प्रताप सिंह, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले.(सेवानिवृत्त) श्रीमती जया जेवियर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, शहीद के परिजनों, पूर्व सैनिकों और गणमान्य नागरिकों ने पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रध्दांजलि दी। जिसके बाद उनकी अंतिम यात्रा परासिया नाका, सत्कार तिराहा, शहीद अमित ठेंगे चौक से जेल तिराहा, फव्वारा चौक, गोलगंज, छोटी बाजार, पुराना पावर हाउस, दुर्गा माता मंदिर चौक होते हुए पातालेश्वर मोक्षधाम पहुंची, जहां राजकीय सम्मान के साथ शहीद कॉरपोरल स्व.विक्की पहाड़े का अंतिम संस्कार किया गया। इस भावुक क्षण में शहीद को मुखाग्नि उनके 5 वर्षीय पुत्र ने दी। इस दौरान उनके परिजनों और गणमान्य नागरिकों के साथ ही वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी और जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी पूरे समय मौजूद थे। शहीद की अंतिम यात्रा मार्ग पर बड़ी संख्या में जनसैलाब उमड़ा और सभी ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाते हुए शहीद कॉरपोरल स्व.विक्की पहाड़े को अश्रुपूरित श्रध्दांजलि अर्पित की।



### बहादुर जवान की शहादत को बेकार नहीं जाने देगी राज्य सरकार: सीएम मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को छिंदवाड़ा पहुंचकर जम्मू कश्मीर में आंतकवादियों के हमले में शहीद हुए एयरफोर्स के जवान विक्की पहाड़े को पुष्प चक्र अर्पित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुष्पेचक्र अर्पित करने के बाद कहा कि हमारे बहादुर जवान पर हमें गर्व है, जिसने मातृभूमि की सेवा में अपना सर्वस्व समर्पित किया। जिन्होंने यह कायराना हमला किया उनको उसकी कीमत चुकाना पड़ेगी। देश ऐसे बहादुर जवानों से ही अपनी यात्रा तय करता आया है। हमें अपनी सेना पर गर्व है। राज्य सरकार अपने बहादुर जवान की शहादत को बेकार नहीं जाने देगी। सरकार शहीद के बालक की भी चिंता करेगी। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शहीद विक्की पहाड़े की स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए एक स्मृति द्वार बनाया जाएगा। उनके नाम पर किसी वार्ड के नामकरण से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त होगा, तो उसको स्वीकृत करेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार शहीद के परिजनों के 1 करोड़ की सहायता राशि प्रदान करने के लिए चुनाव आयोग को प्रस्ताव भेज रही है। शहीद के आश्रितों में से किसी सदस्य को वायु सेना में नौकरी मिल सकती है, लेकिन जरूरत होने पर राज्य सरकार भी आश्रित को सरकारी सेवा प्रदान कर सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चुनाव की इस बेला में उन्होंने अपना कार्यक्रम परिवर्तित किया और वे छिंदवाड़ा पहुंचे, क्योंकि हमारे लिए चुनाव प्रचार से कहीं ज्यादा जरूरी शहीद का सम्मान है।

### गुरुकुल के पदाधिकरियों ने दी विक्की को श्रद्धांजलि



मां भारती के वीर सचिन छिंदवाड़ा की माटी के लाल वीर सहित विक्की पहाड़े को योग वेदांत सेवा समिति महिला उत्थान आश्रम एवं गुरुकुल के पदाधिकारी ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम क्रिया वैदिक रूप से हो इस नियमित तुलसी की लकड़ी और रुद्राक्ष भी भेंट दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को निकल गई इस दौरान परासिया रोग स्थित संत आश्रम के सामने महिला उत्थान आश्रम एवं गुरुकुल के पदाधिकारी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा परासिया रोड, सड़का तिराहा, फवारा चौक से होते हुए अंतिम संस्कार के लिए पहुंची। इस अवसर पर शहर के युवा बुजुर्ग महिलाएं शाहिद बड़ी संख्या में लोग जमकर शामिल हुए और शाहिद की शहादत को नमन किया और श्रद्धांजलि दी। विक्की पहाड़े की शहादत को पूरा छिंदवाड़ा ही नहीं बल्कि पूरा देश हमेशा के लिए याद रखेगा। उन्होंने अपने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।

### नोनिया करबल का नाम बदल कर विक्की पहाड़े नगर रखने की मांग



**छिन्दवाड़ा:** विश्व हिन्दू परिषद् के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के नाम कार्यालय अधीक्षक को ज्ञापन देते हुए मांग उठाई की नोनिया करबल का नाम बदलकर ₹अमर बलिदानी विक्की पहाड़े नगर₹ किया जाये साथ ही उक्त क्षेत्र में उनकी प्रतिमा स्थापित कर भव्य स्मारक बनाया जाये विहिप के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख चीकू पाल ने बताया कि विहिप जिला अध्यक्ष अरविन्द प्रताप सिंह के निर्देश पर उक्त मांग उठाई गई है ज्ञात हो की गक्त दिवस शनिवार को जम्मू कश्मीर में वायुसेना के हेलीकॉप्टर पर पाकिस्तान की शह पर लस्कर ए तोइबा और जैश ए मोहमम्द के जेहादी आतंकियों द्वारा घात लगाकर अचानक हमला किया गया अचानक हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में वायुसेना के 5 सैनिक गंभीररूप से जख्मी हो गए जिसमे छिन्दवाड़ा जिले के नोनिया करबल निवासी युवक वायुसैनिक कॉर्पोरल विक्की पहाड़े ने अपने प्राणों की आहूति देकर सर्वोच्च बलिदान देते हुए शहीद मेजर अमित ठेंगे और शहीद भारत यदुवंशी के बाद फिर एक बार छिन्दवाड़ा को गर्व करने का अवसर दिया है छिन्दवाड़ा की माटी में जन्मे ऐसे भारत माता के सपूत से अन्य युवाओ को प्रेरणा मिले इस हेतु नोनिया करबल क्षेत्र का नाम अमर बलिदानी विक्की पहाड़े नगर किया जाये एवं उक्त क्षेत्र में उनकी प्रतिमा के साथ भव्य स्मारक बनाया जाये इस हेतु कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद् के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख चीकू पाल,सुरक्षा प्रमुख आकाश कहार, सहमंत्री रूपेश लांझिवार, अंकित कहार, नीरज बंदेवार,मीतराज राय सहित अन्य उपस्थित रहे।



### विक्की के बेटे हार्दिक ने किया अंतिम संस्कार

जम्मू कश्मीर के पूंछ में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए छिंदवाड़ा की माटी के लाल अमर शहीद विक्की पहाडे (कारपोरल ) का सोमवार को वायुयान से छिंदवाड़ा लाया गया। इसके बाद शहर में अंतिम यात्रा निकाली गई। उन्हें नेताओं, अधिकारियों सहित पूरे छिंदवाड़ा शहर के लोगों से श्रद्धांजलि अर्पित की। मोक्षधाम में उन्हें उनके पांच साल के बेटे हार्दिक ने अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कर मुखाग्नि दी।

### वीर शहीद विक्की पहाड़े को दी गई श्रद्धांजलि



**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में देश के वीर सपूत हमारे छिंदवाड़ा के शहीद विक्की पहाडे जी को छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ ने उनकी पुण्य आत्मां की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुखत समय में इस पीड़ा को सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना ,शत-शत नमन करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### अरिहंत एकेडमी ने दी शहीद विक्की पहाड़े को श्रद्धांजलि



भारत माता की सेवा के उद्देश्य से भारती सेना में सम्मिलित हुए छिंदवाड़ा के लाल विक्की पहाड़े गत दिवस आतंकी हमला में शहीद हुए,जिनका पार्थिव शरीर सोमवार को छिंदवाड़ा लाया गया जहां अपार जन समुदाय के साथ छिंदवाड़ा के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें अंतिम विदाई दी,छिंदवाड़ा के लाल शहीद विक्की पहाड़े को अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी में प्रबंधन सहित समस्त गुरुजनों एवं विद्यार्थियों के साथ चेयरमैन संजीव जैन, डायरेक्टर दीपक राज जैन, ब्रजेश महेश्वरी, प्राचार्य रविशंकर माथुर, एडमिन विजेंद्र इंदुरकर ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हे नमन किया।

### अभिभावक संघ ने शहीद को किया नमन



हाल ही में जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद हुए छिंदवाड़ा के जवान सैनिक श्री शहीद श्री विक्की पहाड़े जी की अंतिम यात्रा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की अभिभावक संघ छिंदवाड़ा ने संघ के जिला अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि नोनिया करबल स्थित उनके निवास से प्रारंभ इस अंतिम यात्रा में हजारों लोग सम्मिलित हुए उनके अंतिम दर्शन कर पुराना पावर हाउस में पुष्पमाला अर्पित की व पुष्पवृष्टि की अंतिम यात्रा पर साथ ही शीतल पेयजल की व्यवस्था कर अभिभावक संघ ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की शहीद जवान को विशेष रूप से राजेश जैन मनीष जैन हरि वरकडे मुकेश जैन बाबा, दक्ष जैन आगम जैन, महेश पहाड़े सतीश पवार, लकी राहंगडाले, सुशील सोनी आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

## गलत नहर निर्माण से होगा किसानों की फसलों का नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

गोंवारीवाढोना खोरी जलाशय से निर्मित नहर को लेकर किसानों की ओर से आपत्ति उठाई जा रही है। किसान नेता एवं पूर्व जनपद पंचायत सदस्य आनंद दुपारे,रामरावजी कुरेकार प्रर्षांत लहाले,ने बताया कि गोवारी वाडोना खोरी जलाशय से निर्मित नहर गोंडीवाडोना रोड से नीचे नाले की ओर जाने वाली नहर का पुनर्निर्माण जल संसाधन विभाग सौसर की ओर से शुरू किया गया है। गोंडीवाडोना रोड पर लगभग 100 मीटर का निर्माण 2.5 मीटर से 3 मीटर गहराई करते हुए निर्माण किया गया है। तथा 100 मीटर के आगे एक मीटर की गहराई से कार्य किया जा रहा है। जिससे यह सामने आ रहा है कि विभाग ठीक ढंग से कार्य कर रहा है। क्योंकि 2.5 और 3 मीटर गहराई का पानी सामने एक मीटर नाली से कैसे निकलेगा यह प्रश्न चिन्ह है। बारिश का पानी गहरी नाली में जमा होगा तथा नीचे के खेत वाले किसानों के खेत की फसले खराब हो जाएंगे। साथ ही नहर विगत 10 सालों के पहले जब बनी तो नहर में पानी जमा होने के कारण नीचे के किसानों के खेतो में बड़े पैमाने पर पानी जमा होता था। जिससे चलते हर साल किसानों की फसले खराब होती थी।अभी और गलत निर्माण होने के चलते फसलों के खराब होने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। किसानों के द्वारा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निवेदन किया गया है कि किसानों की फसले खराब ना हो इस प्रकार का नहर निर्माण करना चाहिए।

### पानी के लिए तरस रहे नपा दमुआ के वार्डवासी

**दमुआ।** एक बार फिर नगरपालिका दमुआ सुर्खियों में बनी हुई है। यहां एक सप्ताह का समय व्यतीत हो गया हे कई कार्य नगर पालिका दमुआ में प्रभावित हो रहे है स्थाई रूप से न.पा.प. दमुआ में सी.एम.ओ. पदस्थ होना चाहिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के समय पर ना रहने से न.पा.. दमुआ में सरकारी कार्य प्रभावित पडे है ओर अधिकारी के ना होने पर लोगो के काम काज नही हो पा रहे है वैसे भी ग्रीष्म काल का दौर चल रहा है भीषण गर्मी में लोगो को समय पर पानी नही मिल पा रहा है पानी के लिये लोग तरह रहे है लोगो के आवश्यक कार्य नही हो पा रहे है आम जनमानस परेशान हो रहे है सही तरह से सरकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को नही मिल पा रहा है जैसे सी.एम हेल्प लाईन में की गई शिकायत का निराकरण, न.पा.प. दमुआ द्वारा नही किया जा रहा है। लोगो को मूलभूत कार्य नही हो पा रहे है काम कराने के लिए वार्डवासियों , रहवासियों को बार बार. न.पा.प दमुआ के चक्कर काटने पड रहे है जनप्रतिनिधिगण काम नही करते है। इसलिए प्रशासनिक रूप से न.पा. दमुआ में स्थाई रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.एम.ओ. को पदस्थ किया जाना चाहिए ताकि आमजन मानस के कार्य जनहित में हो सके।

### सेवानिवृत्ति एसडीओपी का हुआ सम्मान समारोह



जुन्नारदेव। नगर में धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम में पुलिस की सेवा के दौरान यहां चुनौती नहीं अपितु आनंद का एहसास किया गया है। दरअसल इस क्षेत्र की तासीर प्रेम, सद्भाव व परस्पर सहयोग की है। यही कारण रहा है कि मेरे कार्यकाल के दौरान मुझे आमजन व खासजन का सदैव सहयोग मिलता रहा। उक्त उद्गार सेवानिवृत्त एसडीओपी केके अवस्थी ने स्थानीय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किये।श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के द्वारा मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में उन्हें तिलक लगाकर व पुष्प हार अर्पित कर स्वागत किया गया।

## छात्रावास अधीक्षक सुखदेव का हुआ सत्कार



**सौंसर।** पिपला नारायणवार के छात्रावास में लंबे समय से पदस्थ अधीक्षक सुखदेव धुर्वे के सेवानिवृत्त होने पर नगर के नागरिको ने सम्मान समारोह आयोजित कर बिदाई दी। आयोजन की खासीयत यह थी की नगर के गणमान्य नागरिकों ने भारी संख्या में पहुंचकर उनके कार्यकाल की सराहना की और उनका सम्मान किया। इस अवसर पर सौसर पांढुर्णा के समस्त छात्रावास के अधिक्षकों ने सामूहिक रूपसे अभिनंदन पत्र सौपा। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र परमार,सुरेष परतेती,अरूण धुर्वे तेजराव गायकवाड और श्री आर्मो प्रमुख रूपसे उपस्थित थें।

### कलेक्टर के निर्देश के बाद भी रेत चोरों पर नहीं लग पाई लगाम

## रेत माफिया लोहा, सीमेंट खरीदने की शर्त पर आवास हितग्राहियों को बेच रहे रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया तहसील में पूर्व में तैनात तहसीलदारों, टीआई, खनिज निरीक्षकों की छत्र छाया में पिछले दस वर्षों से रेत की चोरी करने वाले लगातार इन अधिकारियों के संरक्षण में फलते फूलते चले आ रहे है और इसी परंपरा को जारी रखते हुए वे आज की स्थिति में बड़े रेत माफिया के रुप में स्थापित हो गए चुके हैं। क्योंकि उन्हें अधिकारियों का संरक्षण मिलता रहा है। इस कारण इनका विरोध करने का कोई साहस नहीं कर पाता यदि करता है तो उसे मुंह की खानी पड़ती है। अब यह माफिया रूपी वटवृक्ष बन गए है। अब इनके हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद अपनी रेत चोरी की गुजारियों से हिलने को खाली नहीं है। जिसका जीता जागता उदाहरण विगत शुक्रवार कलेक्टर जनमन के आवासों का निरीक्षण करने तामिया पहुंचे थे। जहां भारिया ढाना में उन्हें रेत माफिया द्वारा महंगी रेत बेचे जाने की शिकायत मिली थी। जिस पर उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं तहसीलदार तामिया को जांच के लिए कहा था। लेकिन जांच शिफर तक सीमित रही और माफिया ने दो गुनी ताकत से रेत निकालना शुरू कर दिया और हुई। शिकायत के बदले की भावना सै जनमन के हितग्राहियों को महंगी रेत बेचने पर आमदा हो गए। क्योंकि रेत खरीदना हित ग्राही की मजबूरी जो है और उसे बाजार भाव एवं नियम कानून नहीं मालूम। रेत में लूट मार करते-करते अब यह लोहा सीमेंट खरीदने की शर्त पर हितग्राही को रेत खरीदने मजबूर कर रहे हैं। यदि हितग्राही को रेत चाहिए तो बदलने में सीमेंट एवं लोहा वह भी हमसे हमारे ही रेट पर खरीदे। अब रेत माफिया तामिया तहसील में जनमन के हितग्राहियों की रेत माफिया से रेत खरीदना मजबूरी बन गई हैं। उनके ही मनमाने दाम पर लोहा, सीमेंट, खरीदने की भी मजबूरी है। वहीं भुगतान के मामले में भी ये पीछे नहीं है। रेत माफिया अपने थंब मशीन वाले की मशीन से रेत लोहा सीमेंट का खाते से पैसे निकलवा रहे हैं। उसमें मशीन वाले को 10 हजार के भुगतान पर कमीशन 300 रूपए देना पड़ता है और हितग्राही दे भी रहे है। हितग्राहियों ने बतलाया कि सामने बरसात आने वाली है। इसलिए हम शीघ्र आवास पूरा करने में ज्यादा विश्वास रखते हैं। बजाय किसी पचड़े में पढ़ने के। इस तरह हितग्राहियों को रेत की शिकायत अन्य हितग्राहियों पर महंगी पड़ने लगी है। वहीं कलेक्टर के आदेश निर्देशों की अनदेखी करते हुऐ तहसीलदार तामिया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनमन के हितग्राही के हित में कोई सकारात्मक पहल नहीं की और रेत उचित दाम पर लोहा सीमेंट दिलवाने में कोई रूचि नहीं दिखलाना कलेक्टर का तामिया दौरै के दौरान हितग्राहियों का समाधान होने के स्थानीय अधिकारियों के कारण समस्या बढ़ाने के जैसा माहौल निर्मित हो गया है।

### कलेक्टर ने ली खरीफ 2024 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक

# जिले में कृषि के क्षेत्र में नवाचार की अपार संभावनाएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में खरीफ सीजन 2024 की तैयारियों के संबंध में कृषि विभाग के सभी जिला स्तरीय एवं मैदानी अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई । इस दौरान संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास भोपाल के श्री कमल जैन, उप संचालक कृषि एवं आई.टी. की टेक्निकल टीम द्वारा वर्चुअली एम.पी.किसान एप के माध्यम से किसान पंजीयन का विस्तृत प्रशिक्षण सभी स्टाफ को दिया गया तथा उनके प्रश्नों का समाधान भी किया गया । बैठक के बाद कृषि अभियान्त्रिकी द्वारा मिलेट्स की आइसक्रीम, सॉफ़्टी मशीन का नवाचार और ड्रोन का



प्रदर्शन भी किया गया जिसे, कलेक्टर सहित उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा देखा गया। साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने मिलेट की आइस्क्रीम का स्वाद भी चखा और सराहना की।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के सभी मैदानी कृषि अधिकारियों से खरीफ की तैयारियों की समीक्षा की एवं आवश्यक मार्गदर्शन देते हुये कहा कि जिले में कृषि के क्षेत्र में नवाचार की अपार संभावनायें है, सभी मैदानी अधिकारी अपनी ज़िम्मेदारी ईमानदारी से निभायें एवं किसान हित में कार्य करें। सभी फील्ड स्टाफ़ अपने क्षेत्र में कृषि आदानों की माँग के अनुसार पूर्ति सुनिश्चित करायें। साथ ही उनके क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जो नाडेप टाँकें बने हैं उनमें तकनीकी मार्गदर्शन देकर पंचायतों से व्यवस्थित ढंग से भरवाकर उसकी जैविक खाद बनवायें तथा जैविक/प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें और पंचायतों को स्वच्छ बनायें। उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह ने सभी फील्ड स्टाफ को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार समय सीमा में मिट्टी के नमूने ऐप के माध्यम से प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी स्टाफ को किसानों को मिट्टी परीक्षण के महत्व को समझाते हुए मिट्टी स्वास्थ कार्ड की अनुशंसा के अनुसार सन्तुलित उर्वरकों का उपयोग करने की सलाह किसानों को देने के लिये भी निर्देश दिये।

बैठक में उद्यानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ.विजय पराड़कर ने किसानों को उन्नत किस्मों का उपयोग करने के साथ ही संतुलित मात्रा में नाइट्रोजन फ़ॉस्फ़ोरस पोटास (NPK) उर्वरकों के साथ ही जिंक सल्फेट का उपयोग करने की सलाह दी ।

### आज सेन समाज धूमधाम से मनाएगा सेन जयंती

**छिंदवाड़ा।** सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि नंदा जी सेन महाराज की जंयती गलवार 7 मई को सेन महाराज की जंयती स्थानीय सेन समाज भवन प्रांगण में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। उक्त जानकारी युवा जिलाध्यक्ष हेंमत बंदेवार व नगर अध्यक्ष चंदन बंदेवार ने दी है। उन्होंने बताया है कि बैठक सेन महाराज की जंयती मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा कर कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि सुबह 10 बंजे सेन महाराज कि पूजा अर्चना करने के पश्चात समाजिक बंधुओ द्वारा रैली निकाली जाएगी जो पूरे शहर के प्रमुख मार्गो में भ्रमण करने के बाद सेन भवन में समापन होगा। इसके बाद समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जाएगा। जिन्होंने इस वर्ष अच्छे अंक लाकर परिवार व समाज का रोशन किया



है। सैलून ऐशोशियन अध्यक्ष बंटी श्रीवास ने शैलुन व्यवसाय जुड़े सभी बंधुओ से आग्रह किया है कि अपने अपने शैलुन प्रतिष्ठांन बंद रखें, साथ ही सेन समाज के समाज के सभी समाजिक बंधुओं पदाधिकारी ओर नोजवान साथ साथ अधिक से अधिक संख्या उपस्थित होकर समाजिक एकता व अखंडता का परिचय देवें। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान व उद्बोधन के बाद भोजन प्रसादी के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। बता दे कि हर साल सेन जयंती छिंदवाड़ा में धूमधाम से मनाई जाती है।

### विद्युत मण्डल के 86 नंबर पेंशनरों की रिट याचिका, उच्च न्यायालय द्वारा पारित

**छिंदवाड़ा।** सचिव एस.जी. माकड़े द्वारा बताया कि विद्युत मण्डल से सेवानिवृत्त ऐसे पेंशनर जो 30 जून अथवा 31 दिसबर को सेवानिवृत्त हुये थे, तथा जिन्हे वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिला था, उन 86 नंबर पेंशनरों की रिट याचिका क्रमांक 6182/2024 विद्युत मंडल पेंशनर समाज की ओर से उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर की गई थी, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 16 अप्रैल 2024 को पेंशनरों के पक्ष में निर्णय पारित किया गया । इससे इन सभी पेंशनरों को वार्षिक वेतन वृद्धि सहित समस्त सेवानिवृत्ति हितलाभ पुनरीक्षित कर उसका एरियर्स का भुगतान भी मिलेगा । संगठन द्वारा समस्त स्वीकृतकर्ता अधिकारियों को उक्त रिट याचिका संपूर्ण दस्तावेजों एवं सूची सहित उनके ई-मेल पर प्रेषित कर दी गई है । संबंधित पेंशनर कृपया अपना आवेदन जिसके साथ न्यायालयीन आदेश, पी.पी.ओ., पेंशन आदेश की प्रति लगाकर अपने स्वीकृतिकर्ता अधिकारी को प्रेषित करें । आवेदन का प्रारूप बाट्सअप गुरप में डाल दिया गया है ।

# गांव गांव में धूमधाम से बौध्द महासभा मनाएगी बुद्ध जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

आगामी 23 मई शुक्रवार को वैशाख पूर्णिमा पर देश के साथ समूचे विश्व में लोगो को करुणा मैत्री शांति समता का संदेश देने वाले तथागत भगवान गौतम बुद्ध 2568 वा जन्मदिवस मनाया जाएगा। छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले में भी भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से तथागत बुद्ध का जन्म दिवस विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए भारतीय भारतीय बौद्ध महासभा के सभाग प्रभारी चंद्रभानजी बागड़े,सुभाष सहारे,दिलीप बागड़े, जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत,तहसील अध्यक्ष लक्ष्मीदास बोरकर ने बताया कि नागपुर की पावन दीक्षाभूमि पर 1956 को संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के द्वारा 7 लाख से अधिक लोगों के साथ बौद्ध धम्म की दीक्षा ग्रहण की थी। वर्तमान में भारत देश



और समूचे विश्व को तथागत बुद्ध और डॉ बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों की जरूरत है।भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजरत्न आंबेडकर प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ से मिले निर्देशों के अनुसार छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले के सभी बौद्ध विहारों एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा स्थलों पर 23 मई शुक्रवार को वैशाख पूर्णिमा बुद्ध जयंती विभिन्न आयोजनों के साथ में मनाई जाएगी।इस दौरान सामूहिक बुद्ध वदना,धम्म रैली, पुस्तकों का वितरण,प्रबोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खीर भोजन वितरण भी किया जाएगा। छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के सभी ब्लॉक एवं ग्रामीण इकाइयों को अपने-अपने स्तर पर बुद्ध जयंती के आयोजन करने को लेकर निर्देशित किया जा रहा है।

## ड्रोन स्प्रेयर द्वारा फसलों पर दवा के छिड़काव का किया गया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशानुसार आज ग्राम लिंगा में कृषक श्री सीताराम राउत के खेत में मूंग क्लस्टर फसल प्रदर्शन के अंतर्गत लगभग 01 हेक्टेयर रकबे में मूंग फसल पर ड्रोन स्प्रेयर द्वारा कीटनाशक दवा एवं जैविक कल्चर का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर भोपाल के श्री जैन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मोहखेड़ श्री डी.एस.घागरे, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती मधु बेन, एनएफएसएम एवं जिला परामार्शदाता श्री चेतन कावले, एटीएम आत्मा श्री पंकज पराड़कर, एईओ श्री हजारी प्रसाद धुर्वे व श्री संदीप धारपुरे एवं अन्य कृषकगण उपस्थित थे । कृषि अधिकारियों द्वारा कृषकों को ड्रोन स्प्रेयर के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया और ड्रोन स्प्रेयर के उपयोग की सलाह दी गई । इसके बाद कृषि अधिकारियों का अमला ग्राम ईकलबिहरी पहुंचा और किशक श्री अन्नु कोहले के खेत में बोई गई फसल मूंग क्लस्टर प्रदर्शन का अवलोकन कर कृषक को सन्तुलित मात्रा में उर्वरक एवं कीटनाशक दवा का उपयोग करने की सलाह दी गई। अधिकारियों द्वारा उपस्थित अन्य कृषकों को भी कृषि संबंधी महत्वपूर्ण सलाह दी गई।

# एनसीसी कैंप में वन एवं वन्य जीव संरक्षण सहित करियर गाइडेंस एवं व्यक्तिव विकास पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

2 मई 2024 से 11 मई 2024 के मध्य छिंदवाड़ा स्थित कन्या परिसर में चार जिलों से आए 500 एनसीसी कैडेट्स के ₹ संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर₹ का संचालन किया जा रहा है। 24 एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन की अध्यक्षता में संचालित किए जा रहे इस एनसीसी कैंप में 10 एनसीसी ऑफिसर 15 पी आई स्टाफ सहित सिविल स्टाफ के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे इस कैंप में व्यक्तित्व विकास तथा सामान्य तथा विशिष्ट विषयों की कक्षाओं सहित शूटिंग, फील्ड क्राफ्ट , बैटल क्राफ्ट , गार्ड ऑफ़ ओनर , सेक्शन फॉर्मेशन, छद्म युद्धाभ्यास , फायरिंग,मैप रीडिंग , फर्स्ट एड , जैसे विषय पढ़ाए जा रहे हैं इससे कैडेट्स के सर्वांगीण विकास आधारित प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं,



एस डबल्यू ,जे डबल्यू कैडेट्स को विमेन क्राइम एंड सेफ्टी विथ अवेयरनेस प्रोग्राम के विषय विशेषज्ञ पुलिस अधिकारी विमेन प्रोटेक्शन सेल प्रभारी सिवनी के डीएसपी प्रदीप वाल्मीकि द्वारा एनसीसी कैडेट्स को सशक्त, शिक्षित, और सकारात्मक बनने की प्रेरणा देते हुए बताया गया की सर्वप्रथम वे अपनी शिक्षा को स्वावलंबन का माध्यम बनाए फिर एक मजबूत सामाजिक न्याय आधारित समाज की स्थापना में अपना योगदान दें, करियर के रूप में एनसीसी उनके लिए बहुत लाभदायक हो सकती है वो आर्मी, नेवी, एयरफोर्स, आर्म्ड फोर्सेज, सीआरपीएफ, पुलिस सेवा , सहित अनेक क्षेत्रों में अपना करियर बना सकती हैं, जनरल नॉलेज बेहतर करने के लिए सबको राष्ट्रीय स्तर के अखबारों, और मासिक प्रतिस्पर्धा आधारित कम से कम दो मैग्जीन का अध्यन करना चाहिए।₹वन एवम् वन्य जीव संरक्षण ₹ विषय पर आयोजित कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ श्री ब्रजेश सिंह परिहार ने मध्यप्रदेश के पुनः टाइगर स्टेट बनने पर सबको बधाई दी।

### विधायक विक्की पटेल ने माल्यार्पण कर उन्हें किया याद

## धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि सेन महाराज की 724 वीं जयंती



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सेन समाज वारासिवनी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आराध्य देव नंदा महाराज की 724 वीं जयंती नगर के बड़ा श्रीराम मंदिर में मनाई गई। सर्वप्रथम समाज के पदाधिकारियों द्वारा आराध्य देव नंदा महाराज जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद गया। जिसके बाद सामाजिक लोगों ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए संत शिरोमणी आराध्य देव नंदा महाराज के बारे में विचार व्यक्त करते हुए सेन समाज को आगे बढ़ाने में उनके योगदान पर बारे में जानकारी प्रदान की।

इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल भी इस कार्यक्रम में पहुॅचे। जहॉ पर उन्होंने संत शिरोमणी सेन महाराज के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इसके बाद सेन समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने विधायक श्री पटेल का पुष्पहार व शाल पहना कर स्वागत किया गया।

### सेन समाज छोटा समाज, मगर मेहनत करना वाला समाज- विक्की पटेल

इस अवसर पर विधायक श्री पटेल ने कहा कि सेन समाज एक मेहनत करने वाला समाज हैं, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सेन समाज का सहयोग मिला हैं। मैं सेन समाज के परिवार का सदस्य हूँ, जब भी कोई परेशानी आएगी, मैं सेन समाज के साथ खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा सबसे अच्छा माध्यम हैं आगे बढने का, बच्चों को अच्छी शिक्षा दे, समाज की बुराईयों को दूर करे, मिलजुल कर सभी लोग समाज को आगे बढ़ाये। समाज के लोगों ने मुझसे भवन बनवाने की मांग की हैं। हम सब मिलकर एक समाज का भवन बनायेगे।

### एकल अभियान अंचल समिति की बैठक

**बालाघाट।** एकल अभियान अंचल समिति की बैठक 5 मई को एकल कार्यालय में हुई। इस दौरान समिति के सदस्यों को नए दायित्व सौंपे गए। जिसमें एकल हरीकथा योजना और एकल उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी राजुल चौरडिया को दी गई। इसके अलावा महिला समिति में अध्यक्ष श्वेता सेठिया, उपाध्यक्ष ज्योत्सना राठौर, कोषाध्यक्ष मनमीत कौर, सचिव प्रियंका बोथरा को मनोनित किया गया है। इसके साथ ही अंचल की मां का विशेष दायित्व दुर्गा राठौर और महिला समिति संरक्षक का दीपिका टांक को दायित्व सौंपा गया है। वहीं संवाद और संपर्क प्रभारी मीना बेन चावड़ा, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी दीक्षा शर्मा, आरोग्य प्रभारी मिताली दुबे, जागरण प्रभारी रीता पटेल, संस्कार प्रभारी श्वेता बोथरा को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक ने मौजूद अंचल समिति के संरक्षक अभय सेठिया ने सभी नवीन पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की।

## नहीं रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भूतपूर्व जनपद पंचायत सदस्य दुलीचंद नगपुरे

### आज दोपहर 12 बजे होगा,स्थानिय मोक्षधाम में अंतिम संस्कार, दोपहर 3 बजे ली अंतिम सांसे



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** लालबर्रा क्षेत्रांतर्गत ग्राम जाम(लालबर्रा) निवासी 65 वर्षीय वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ग्राम पंचायत जाम (लालबर्रा)के भूतपूर्व उप सरपंच एवं लालबर्रा जनपद पंचायत भूतपूर्व सदस्य दुलीचंद नगपुरे(बाबा भैया) का कल दोपहर 3बजे हृदयघात के चलते निधन हो गया। है। श्री नगपुरे के अचानक निधन होने की ख़बर फैलते ही ग्राम सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।गौरतलब है कि स्वर्गीय नगपुरे (बाबा भैया)बीते लगभग दो वर्ष पूर्व ही हृदय सर्जरन का कार्य परिजनों द्वारा करवाया गया था।गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में 25 जनवरी 1994 को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव अधिनियम लागू होने के साथ ही ग्राम पंचायत जाम में उप सरपंच पद पर निर्वाचित हुए थे।तदुपरांत जनपद पंचायत जाम क्षेत्र क्रमांक-2 से भारी मतों से जीत का परचम लहराकर प्रथम जनपद पंचायत सदस्य निर्वाचित होने का गौरव प्रापक बने थे।विदित हो कि स्वर्गीय श्री नगपुरे ग्राम सहित क्षेत्र में सामाजिक, धार्मिक ,रचनात्मक,सृजनात्मक सहित अन्य कार्यों में अपनी सहभागिता दर्ज कर नवयुवकों को समय-समय अपना मार्गदर्शन प्रदान करने वाले मृदुभाषी, मिलनसार,प्रफुल्लचित स्वभाव के स्वामी स्वर्गीय श्री नगपुरे अपने पीछे एक पुत्र,तीन भाइयों सहित भरपूरा परिवार छोड़कर चले गए।दुःख की इस घड़ी में परमपिता परमेश्वर से ग्रामीणजनों एवं क्षेत्रीयजनों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर स्वर्गीय नगपुरे जी को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं दुखित परिजनों एवं क्षेत्रवासियों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की अनुकम्पा की है।

### मैंगनीज से भरा ट्रक घर में घुसा, कोई हताहत नहीं



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थाना के ग्राम सुनारककोड़ी में रात 1.30 बजे हुआ हादसालांजी। लांजी-बालाघाट मार्ग पर स्थित ग्राम सुनारककोड़ी में बीती रात एक बड़ा हादसा घटित हो गया जिसमें मैगनीज से भरा ट्रक निर्माणाधीन मकान की बाउंड्रीवाल तोड़ते हुए आंगन में जा घुसा। यह तो गनीमत रही की मकान में कोई मौजूद नहीं था। निर्माणाधीन मकान की देखरेख के लिये जो चौकीदार रहता है वह भी अपने परिचित के यहां शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था, परंतु आंगन में खड़ी एक मोटर सायकल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी देते हुए ग्राम सुनारककोड़ी निवासी श्रीमती गीता येरपुड़े ने बताया की रात डेढ़ बजे कुछ आवाज सुनाई देने पर परिजनों के साथ बाहर आकर देखा तो एक ट्रक हमारे घर के आंगन में बाउंड्रीवाल तोड़ते हुए अंदर जा घुसा था। तथा मौके पर ट्रक का ड्राइवर और दो लोग और खड़े थे जिनसे घटना के संबंध में पूछने पर उसके द्वारा बताया गया की रोड पर मवेशी बैठे हुए थे जिन्हें बचाने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित होकर घर के आंगन में जा घुसा। ट्रक ड्राइवर शंकरलाल बिसेन निवासी पुशुटोला थाना वारासिवनी से भिलाई की ओर मैगनीज भरकर जा रहा था। वहीं घटना की सूचना मिलते ही लांजी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही की। तथा ट्रक चालक शंकरलाल बिसेन को लांजी थाना लेकर आई। दूसरी ओर ट्रक के अचानक घर के आंगन में घुस जाने से सड़क किनारे रखी दो ट्राली रेत एवं एक डंपर गिट्टी भी पूरी तरह बर्बाद हो गई जिसकी भरपाई करने की मांग गीता येरपुड़े द्वारा की गई है।

### एक व्यक्ति की मौत के बाद भी नहीं जाग पाया प्रशासन

# पॉली क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन में चलाया जा रहा नर्सिंग होम

## फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के पूर्व ही खोल दिया गया दशन क्लीनिक

हरिभूमि न्यूज लांजी।

धर्मनगरी लांजी में बिना मानकों और लाइसेंस के अवैध रूप से पॉली क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन में दशन क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। जिसमें मरीजों को लूटने के साथ उनकी जान से खिलवाड़ का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। परंतु लांजी में प्रशासनिक निरंकुशता के कारण इस क्लीनिक के संचालक के हौसले दिनोदिन बुलंद होते जा रहे है और वह लगभग एक माह बाद पुनः क्षेत्र के लोगों की जान से खिलवाड़ करने अपने क्लीनिक पहुंच चुकी है। वहीं क्षेत्र में विगत 15 मार्च को इसी दशन क्लीनिक में बिसोनी निवासी ओमकार कर्राहे नामक युवक की मौत की इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद भी लांजी का प्रशासनिक अमला दशन क्लीनिक खुलवाने में इतनी जल्दबाजी करेगा यह किसी के गले नहीं उतर रहा है। उल्लेखनीय है नगर में दशन क्लीनिक पॉली क्लीनिक के नाम पर रजिस्टर्ड है परंतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से सांठगाठ का परिणाम है यहां पॉली क्लीनिक के नाम पर पूरा का पूरा अस्पताल चलाया जा रहा है। नाम के पीछे नर्सिंग होम या हॉस्पिटल शब्द न होने पर अधिकारियों का ध्यान भी नहीं जाता। जबकि स्वास्थ्य विभाग में इनका रजिस्ट्रेशन भी जरूरी है।





**पाली 'दशन' क्लीनिक का खेल निराला, डॉक्टर का अलग चैंबर, मरीज भी हो रहे भर्ती :** लांजी में जैसे जैसे मेडिकल स्टोर्स और डॉक्टर्स के बीच कमीशन का खेल बढ़ा है। वैसे वैसे पॉली क्लीनिक का कल्चर अब यहां भी पैर पसार रहा है। इसमें मेडिकल स्टोर में ही एक चेंबर बना कर डॉक्टर ओपीडी करते हैं। डॉक्टर को मरीज की फीस मिलती है। जबकि मरीज दवा उसी मेडिकल स्टोर से खरीदता है तो मेडिकल स्टोर की भी बिक्री होती है। परंतु दशन क्लीनिक के मामले में मामला ही अलग है यहां क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन में लगभग 15 से 20 बिस्तरों का पूरा का पूरा नर्सिंग होम संचालित किया जा रहा है और प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है या यह कहा जाए की जानकर अनजान बन रहे हों। लांजी में पाली क्लीनिक के नाम पर रजिस्टर्ड दशन क्लीनिक संचालित किया जा रहा है जिसमें नियम विरूद्ध डॉक्टर वर्षा सिंह का एक अलग चैंबर भी है जिसमें वह मरीजों की जांच करती हैं फिर आवश्यकता अनुसार उन्हें अपने क्लीनिक में भर्ती भी करती हैं जो पूरी तरह गैरकानूनी प्रक्रिया है। वहीं दूसरी ओर यहां जो कर्मचारी कार्यरत है वह पूरी तरह ट्रेंड भी नहीं है जिन्हें मामूली वेतन पर रखा गया है और क्लीनिक के नाम पर फर्जी नर्सिंग होम चलाया जा रहा है। यहां कार्य करने वाली स्टार्फ नर्स एवं कंपाउडर के पास न ही स्वास्थ्य सेवा से जुड़ा कोई जीएनटी, पीएनएसटी जैसे कोई भी कोर्स नहीं किया गया है जिससे उनकी मरीजों को देखने की काबिलियत पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता।

**क्लीनिक में संचालित हो रही पैथौलॉजी लैब:** दूसरी तरफ दशन क्लीनिक में अवैध पैथोलॉजी लैब भी संचालित है। इसके बावजूद शासन, प्रशासन और चिकित्सा अधिकारी द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इसकी वजह जिला स्तर पर किसी प्रकार मॉनीटरिंग नहीं होना है। जानकार बताते हैं की बीमारियों की पुष्टि के लिए पैथोलॉजी लैब की अहम भूमिका होती है। इनकी एक गलत जांच रिपोर्ट मरीज को मौत के दरवाजे तक ले जा सकती है परन्तु दशन क्लीनिक में संचालित पैथोलॉजी लैब में धड़ल्ले से शुगर, मलेरिया, टाईफ इड, वायरल व अन्य बीमारियों की जांच हो रही है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पैथोलॉजी लैब को चलाने के लिए अब एमडी पैथोलॉजिस्ट योग्यता धारक का होना जरूरी माना है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब हर कोई व्यक्ति या गैर योग्यता धारक लोग पैथोलॉजी लैब नहीं चला सकेंगे। इस संबंध में चिकित्सकों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में एमसीआई. मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के उस निर्णय को सही माना है जिसमें पैथोलॉजी लैब में पीजी योग्यताधारकों द्वारा ही जांच रिपोर्ट पर हस्ताक्षर को जरूरी बताया था। जानकारों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी लैबोरेट्री में रिपोर्ट पीजी पैथोलॉजिस्ट द्वारा हस्ताक्षरयुक्त नहीं है तो उस स्थिति में उस रिपोर्ट को गलत माना जाएगा। ऐसे में इस तरह की रिपोर्ट देने वाली पैथालॉजी सेंटर लैबोरेट्रीज को तत्काल बंद कर देना चाहिए।

### आखिर प्रशासन को इतनी जल्दी क्यों?

नगर सहित पूरे तहसील क्षेत्र में यह जनचर्चा जोरो पर है की बिसोनी निवासी ओमकार कर्राहे की पीएम रिपोर्ट में उसकी मौत संदेहास्पद बताई गई है परंतु फारेसिंक रिपोर्ट आने में लगभग एक डेढ़ माह का समय बाकी है। परंतु पुलिस और प्रशासन को ऐसी क्या जल्दी थी कि वह घटना के बाद सील किये गये दशन क्लीनिक खुलवाने के लिये फारेसिंक रिपोर्ट का भी इंतजार नहीं कर पा रहे थे। वहीं अगर फारेसिंक रिपोर्ट में सामान्य मौत न होकर गलत इजेंक्शन या कोई लापरवाही उजागर होती है ऐसे में प्रशासन दशन क्लीनिक के संचालक क्या एक्शन लेगा यह सोचने वाली बात है।

### कलेक्टर स्वयं करें दशन क्लीनिक मामले की जांच : समरीते

दशन क्लीनिक पुनः खोले जाने एवं बिसोनी निवासी ओमकार कर्राहे की मौत पर अपनी बात रखते हुए पूर्व विधायक एवं संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते ने कहा की 133 सीआरपीसी में एसडीएम को अधिकार है की वह किसी भी इंडस्ट्री से लेकर किसी भी संस्थान को सील कर सकता है और 39 आर्युविज्ञान अधिनियम में खंड चिकित्सा अधिकारी को यह अधिकार है की क्लीनिक में अनैतिक गतिविधियां देखते हुए उसे सील कर सकता है। डॉ. वर्षा सिंह के क्लीनिक में बिसोनी के ओमकार कर्राहे परिवार के व्यक्ति की मौत हुई थी जिसमें एसडीएम लांजी द्वारा अपनी प्रशासनिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए उसे सील किया गया। जबकि इस मामले में बीएमओ को भी अधिकार है की वह एसडीएम के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए क्लीनिक सील कर सकते थे परंतु डॉ. वर्षा सिंह के क्लीनिक में दोनो कार्यवाही एक साथ होनी थी जो नहीं की गई। दशन क्लीनिक को खोलने एवं बंद करने के मामले एवं बिसोनी निवासी ओमकार कर्राहे की मौत मामले में कलेक्टर बालाघाट को एसडीएम, बीएमओ और डॉ. वर्षा सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करना चाहिए।



## खबर संक्षेप

### शासकीय तिलक हाईस्कूल सिवनी में ग्रीष्मकालीन योग प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज सिवनी। खेल और युवा कल्याण विभाग सिवनी द्वारा शासकीय तिलक हाईस्कूल सिवनी में विगत 25.04.24 से 25.05.2024 तक 6 से 18 वर्ष आयु के बालक-बालिकाओं के लिए ग्रीष्म कालीन योग प्रशिक्षण शिविर संचालित है। मुख्य योग प्रशिक्षक श्री भवानी सिंह गहलोद के मार्गदर्शन में सहायक श्री रूप लाल सिंगरोरे, श्री शिरीष तिवारी, श्री मुन्ना लाल बघेल, श्री पी सी सनोडिया, श्रीमती निशी बघेल, सुश्री दीपिका विश्वकर्मा द्वारा शिविर में आने वाले बालक - बालिकाओं को प्रातः एवं सायं काल योग विद्या एवं योग से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ से अवगत कराते हुए निःशुल्क योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# धूमा पुलिस बड़े सटोरियों पर मेहरबान...!

**वहीं दूसरी ओर छीरारू बिछुआ धनकाकडी सनाईडोंगरी घूरवाड़ा जैसे ग्रामों में सट्टा का तेजी से चलते हुए काम का असर छोटे युवाओं पर भी पडने लगा है साथ ही लोग हारने को मजबूर हो जाते हैं तो युवाओं को चोरी करने की लत भी पड़ जाती है क्योंकि सट्टा एक बहुत बड़ी बीमारी है ऐसे ही धूमा में भी कम से कम 10 लोग सट्टा लिखने वाले और पांच बड़े धाकड़ सट्टा किंग भी धूमा में देखे जा सकते हैं**

सिवनी जिले के धूमा थाना अंतर्गत कुछ बड़े ग्रामों पर सट्टा ने पकड़ा जोर पकड़ लिया है इन दिनों सिवनी जिले के धूमा थाना अंतर्गत में सट्टे का बड़े जोर से व्यापार किया जा रहा है अभी कुछ दिन पहले ही धूमा पुलिस ने छोटे सटोरियों को पकड़ कर अपनी रस्म अदायगी करते हुए अपने फर्ज निभाने में नहीं चूक रहे हैं




हरिभूमि न्यूज सिवनी।

लेकिन बड़े सट्टा खिलाने वालों को यदि कोई थाना प्रभारी ने टाइट किया होगा तो वह पूर्व धूमा थाना प्रभारी राहुल बघेल ने किया था साम दाम दंड भेद करके बड़े सटोरियों को अपनी नजर में तक नहीं आने की चेतावनी दे डाली थी जब धूमा में सट्टा बंद हुआ था तो पूर्व धूमा थाना प्रभारी राहुल बघेल की शिकायत सिवनी से लेकर जबलपुर भोपाल में की गई थी और कुछ सटोरियों को टाइट करने के लिए धूमा थाना प्रभारी राहुल बघेल की शिकायत भी की गई थी लेकिन राहुल बघेल के रहते हुए बड़े सटोरियों में हिम्मत नहीं पड़ रही थी कि वह सट्टा पट्टी काट ले उनके जाने के बाद कुछ ऐसे अधिकारी आए की सटोरिए थाने की शरण पर पहुंच चुके थे और जो नहीं पहुंचा था तो उनको स्टाफ को आदेश देकर और नाम बताकर उन सटोरियों को जगह से उठा लिया गया था धूमा पुलिस के द्वारा सट्टा छोटे सटोरियों पर रस्म अदायगी करते हुए बड़े सटोरियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं जब बड़े सटोरियों को उठाया जाता है तो कुछ छोटे भैया नेता समर्थन मे उतर आते है वही दूसरा हाल कुछ सत्ताधारी पार्टी के नेताओं का भी है जो सटोरियों को बचाने के लिए अधिकारियों को फोन में चेतावनी देते हैं कुछ सटोरिए ऐसे भी हैं धूमा में जिनका जिला बदल होना है सूत्र बताते हैं कि राजनैतिक दबाव के कारण कुछ बड़े सटोरियों का जिला बदर नहीं हो पा रहा है अब देखना होगा कि धूमा में बड़े सटोरियों पर कब करवाई होती है।

# बलात्कारी को 20 वर्ष की सजा

नाबालिग प्रार्थिया की मां ने थाना घंसौर मे प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी नाबालिक बच्ची उम्र 15 वर्ष दिनांक 28.02.2022 को शाम करीब 07.00 बजे उससे बोली की दुकान समान लेने जा रही हू कहकर घर से निकली थी करीब 2, 3 घंटे बाद भी वापस नहीं आई पतासाजी करने पर भी कोई पता नही चला उसे संदेह है कि उसको आरोपी विक्की कुशवाह पिता प्रहलाद कुशवाह उम्र 19 वर्ष ने बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना घंसौर में 363 के अन्तर्गत गुमइंसान मामला पंजीबद्ध किया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा पीड़िता को दिनांक 11.04.2022 को दस्तयाब कर पीड़िता के बयान लिए गए पीड़िता ने अपने कथन में बताया की आरोपी गुरूप्रसाद कुशवाह ऊर्फ विक्की कुशवाह ने शादी का प्रलोभन देकर तालाब के पास जबरदस्ती बलात्कार किया मना करने पर भी दो-तीन बार बलात्कार किया और शादी का प्रलोभन देकर दिनांक 28.2.2024 को बस मे बिठाकर भोपाल में कुछ दिन रखा और वहां से मुम्बई ट्रेन में बिठाकर ले गया इस दौरान कई बार गलत काम किया। नाबालिग पीडिता के बयान के आधार पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 106/22 पंजीबंद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष पाक्सो न्यायालय में प्रस्तुत किया गया शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमति दीपा ठाकुर जिला अभियोजन अधिकारी के द्वारा गवाह एवं सबूतो को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया माननीय न्यायालय द्वारा गवाहों एवं सबूतो से सहमत होते हुए दिनांक 4.5.2024 को माननीय न्यायालय द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी गुरूप्रसाद ऊर्फ विक्की कुशवाह को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 366 भादवि. में 5 वर्ष की सजा एवं 500 रूपये अर्थदंड , 344 भादवि में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 300 रूपये अर्थदंड, धारा 376(3) भादवि.मे 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदंड, धारा 5L/6 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदंड , धारा 3(I)(ii)(w) sc/st एक्ट में 5 वर्ष की सजा एवं 300 रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया।।

# पीजी कॉलेज सिवनी में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ म.प्र. के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया 01.05.2024 से प्रारंभ कर दी गई है। ई-प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए आवेदक को सबसे पहले ई-प्रवेश पोर्टल की वेबसाइट (https://epravesh.mponline.gov.in) में रजिस्ट्रेशन करना होगा।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

रजिस्ट्रेशन के दौरान आवेदक को अपनी ABC ID बनानी होगी। तब जाकर आवेदक अपना पंजीयन कर सकता है। आवेदन/पंजीयन करते समय आवेदक को किस बोर्ड/किस जिले से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है का नाम भी डालना अनिवार्य होगा। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी में 05 नए विषयों में प्रवेश प्रारंभ अकादमिक सत्र/प्रवेश सत्र 2024-25 में महाविद्यालय में 05 नए विषयों/पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। 1. यूजी स्तर में बॉयोटेक्नोलॉजी (कोर्स कोड CO62) एवं संगीत (कोर्स कोड CO28 हिन्दी-संगीत-राजनीति विज्ञान) 2. पीजी स्तर में एमएससी भौतिकशास्त्र (कोर्स कोड CO54) , एमएससी कम्प्यूटर साइंस (कोर्स कोड CO46), एम.ए संस्कृत (कोर्स कोड CO23) उक्त नवीन कोर्स के साथ पूर्व में संचालित सभी कोर्स यथावत हैं व विद्यार्थियों को इन विषयों से जुडकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने के अवसर स्थानीय स्तर पर प्राप्त होंगे।

# बाल विवाह के प्रकरणों में माता-पिता एवं संरक्षक के साथ-साथ पंडित, मौलवी, पादरी सहित अन्य संबंधित व्यक्ति माने जायेंगे दोषी

## हो सकता है एक लाख का जुर्माना एवं दो साल की सजा

**जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं मध्य प्रदेश बाल विवाह प्रतिषेध नियम-2007 के अनुसार 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के और 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की का विवाह कानूनन अपराध है, जिसमें माता-पिता, संरक्षक, रिश्तेदार एवं वैवाहिक सेवा प्रदाता जैसे पण्डित,मौलवी,पादरी, मैरिज ब्यूरो, कैंटर्स, प्रिंटिंग प्रेस, घोड़े वाले, बाजे वाले एवं विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्तियों को दोषी माना जाता है।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिसमें एक लाख रूपये का जुर्माना एवं 02 वर्ष की सजा का प्रावधान है। ऐसे बाल विवाह रोकथाम हेतु कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। 10 मई 2024 अक्षय तृतीया अथवा किसी भी अवसर पर यदि ऐसा बाल-विवाह संपन्न होता है तो बाल-विवाह रोकने के लिए संबंधित क्षेत्र के परियोजना कार्यालय, नजदीकी पुलिस थाना या 100 डायल, चाइल्ड लाइन 1098 पर तत्काल सूचना दी जा सकती है।

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा लाड़ो अभियान अंतर्गत बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 बाल विवाह रोकथाम कर बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम से बालक-बालिकाओं को बचाने अपील की गई है।

### बाल विवाह रोकथाम हेतु कंट्रोल रूम गठित

संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश के निर्देशों के परिपालन में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी द्वारा शुक्रवार 10 मई 2024 अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में बाल विवाह रोकने हेतु परियोजनास्तरीय कंट्रोल रूम का गठन कर निम्न अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई - सांख्यिकी अन्वेषक सुश्री हर्षिता मरावी मो.नं.- 9685658327, सहा.ग्रेड-3 श्री सौरभ श्रीवास मो.नं.- 7746891117 एवं विकासखण्ड समन्वयक श्री विजय चौधरी मो.नं.- 9575431575

जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से बाल विवाह होने संबंधी जानकारी उक्त नम्बरों पर देकर बाल विवाह रोकने में सहयोगी बनने की अपील की गई है।

# समय सीमा में पेंशन प्रकरण उपस्थित न करने पर कार्यालय प्रमुख पर होगी कार्यवाही- कलेक्टर

**समय सीमा बैठक में कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने सीएम हेल्प लाइन, समय सीमा में दर्ज प्रकरणों तथा जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को 50 दिवस से अधिक समय से लंबित तथा जिलेवार रैंकिंग के विषय में चयनित शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 06 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त बैठक से जुड़े।



उन्होंने विभागवार लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा के दौरान जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेवा निवृत्त होने वाले शासकीय कर्मियों के पेंशन प्रकरण समय-सीमा में जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत करें तथा प्रकरणों में पाई जाने वाली आपत्तियों का समय सीमा में निराकरण संबंधित विभाग प्रमुखों द्वारा किया जाए, अन्यथा की स्थिति में संबंधित जिला अधिकारी एवं शाखा प्रभारी का वेतन रोके जाने की कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर श्री सिंघल ने खाद्यान्न वितरण एवं उठाव की समीक्षा कर डीएम नान को 10 मई 24 तक शतप्रतिशत उठान करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनआरसी में दर्ज बच्चों की संख्या की जानकारी लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि कुपोषित वर्ग का कोई भी बच्चा छूटे नहीं, ऐसे बच्चों का चिन्हांकन कर एनआरसी में दर्ज कराया जाए तथा उपचार उपरांत भी लगातार मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री सिंघल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े सभी सीईओ जनपदों को निर्देशित किया कि जनपदवार प्रगतिरत खेत-तालाबों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी तालाब निर्धारित मानक अनुरूप पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर श्री सिंघल ने निर्माण विभागों को आगामी जून माह के मध्य से वर्षा की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सभी निर्माण कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने सभी नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निकाय अंतर्गत आने वाले नाले-नालियों की साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए।

# कन्या महाविद्यालय में विश्व हंसी दिवस मनाया गया

**शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अमिता पटेल के निर्देशन में एवं वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में विश्व हंसी दिवस मनाया गया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्रो. श्रीमती कल्पना इंग्ले ने छात्राओं को संबोधित करते हुए विश्व हंसी दिवस 2024 की थीम जब संभव हो हमेशा हंसे साथ ही खुश रहना हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना आवश्यक है। सकारात्मक माहौल बनाना जो हंसी, खुशी और कल्याण को बढ़ावा देता है। जानकारी दी। इसके साथ ही प्रो. श्रीमती लक्ष्मी मेश्राम ने छात्राओं को हंसी का महत्व बताया की हंसी तनाव, डिप्रेशन और निराशा को दूर करने में मदद करती है सकारात्मक सोचने में अधिक मदद करती है। हंसी हमारे शरीर के लिए एक नेचुरल पेन किलर की तरह कार्य करती है। श्रीमती समिता शर्मा ने भी छात्राओं को अवगत कर बताया कि प्रथम बार विश्व हंसी दिवस 10 मई 1998 को मनाया गया। और विश्व व्यापी हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया थे। हंसी के माध्यम से भाईचारे और दोस्ती को बढ़ाया जा सकता है। शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। हंसी का उपयोग हम स्वास्थ्य ,खुशी और विश्व शांति को बढ़ावा देने के लिए एक हथियार के रूप में कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन श्री श्रीकांत नामदेव द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री शैलेंद्र बघेल, श्री हेमराज नागवंशी, मोहम्मद राशिद खान एवं श्री सोहन अहिरवार का सहयोग प्राप्त हुआ। छात्राओं ने हंसने और खुश रहने के महत्व को जाना।



# बाल संप्रेक्षण गृह सिवनी में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में बाल संप्रेक्षण गृह सिवनी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता शिविर में जिला न्यायाधीश श्रीमती प्रेमा साहु एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री गार्गी शर्मा सिवनी द्वारा मानसिक रूप से बीमार एवं विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवा योजना, बाल अपराध, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्त्तव्य एवं नेशनल लोक अदालत योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

# कलेक्टर ने जल-जीवन मिशन योजना अंतर्गत संचालित प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने सोमवार 06 मई को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



कलेक्टर श्री सिंघल विकासखण्डवार स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्रों में नल कनेक्शन के लंबित कार्यों की समीक्षा की तथा सभी संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण ऐंजेंसियों को 20 मई तक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नल कनेक्शन कार्य पूर्ण होने अथवा मरम्मत उपरांत संबंधित विभाग क्रमशः शिक्षा, जनजातीय कार्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को सत्यापन उपरांत ही सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने लक्ष्य के विरूध कराए गए ट्यूबवेल एवं हैण्डपंप खनन की भी जानकारी लेकर अधिक आवश्यकता वाले ग्रामों प्राथमिकात के आधार पर ट्यूबवेल अथवा हैण्डपंप खनन करने के निर्देश पीएचई विभाग के अधिकारियों को दिए है। उन्होंने ऐसे अनुबंधकर्ता जिन्होंने कार्य प्रारंभ नहीं किया है अथवा प्रगति अत्यंत कम है, ऐसे सभी अनुबंधकर्ताओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने बंडोल, झुरकी, सिध्दघाट तथा पायली समूह नल-जल योजनाओं की समीक्षा कर कार्य प्रगति के निर्देश संबंधित अनुबंधकर्ताओं को दिए।

### कलेक्टर ने आधार मॉनिटरिंग कमेटी बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने सोमवार 06 मई को जिलास्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक लेकर जिले में संचालित किए जा रहे आधार केन्द्रों तथा उनके द्वारा किए जा रहे पंजीयन कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आमजनों की सुविधा के लिए आधार केन्द्रों की संख्या बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने पोस्ट ऑफिस तथा विकासखण्डों में आधार केन्द्रों की आधार केन्द्रों की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया है। इसी तरह कलेक्टर श्री सिंघल ने आधार केन्द्रों की जानकारी मैदानीस्तर पर प्रचार-प्रसार द्वारा प्रसारित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने बैठक में उपस्थित आधार संचालकों को केन्द्रों में आमजनों के लिए बैठक, पेयजल जैसी अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# शारदा मंदिर बरघाट में मनाई जाएगी परशुराम जयंती

**बरघाट-** सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज सचिव श्री विजय दुबे ने बताया कि आगामी 10 मई को परशुराम जयंती के पावन पर्व पर बरघाट सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज बरघाट अपनी पुरानी परंपरा अनुसार नगर के शारदा मंदिर शांति नगर बरघाट में परशुराम जयंती का पर्व मना रही है।

समिति अध्यक्ष श्री चन्द्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज का लक्ष्य मंगल भवन का कार्य पूर्ण न हो पाने के कारण इस वर्ष पुनः समिति अपने पूर्व कार्यक्रम सुबह 9 बजे से परशुराम जयंती का कार्यक्रम शारदा मंदिर शांति नगर बरघाट में आयोजित कर रही है। आगामी समय मे परशुराम जयंती के आयोजन नए भवन में रचनात्मक रूप से समाज प्रिय लोगो के साथ समिति मनाएगी ऐसा सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज करते हुए प्रार्थना करता है कि ईश्व र से प्रार्थना करे कि समिति शीघ्र मंगल भवन का कार्य पूर्ण कर सके। अतः सभी विप्र परिवार सहित सुबह 9 बजे से परशुराम जयंती में सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम हेतु किसी भी प्रकार का जन सहयोग समिति प्राप्त नही करती है। अतः आप अपने श्रद्धा के सुमन के साथ अवश्य पधारें।

### आज पधारी नर्मदा परिक्रमावासी ज्ञानेईश्वरी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बालिका (श्री राम मंदिर ट्रस्ट लखनादौन )नर्मदा परिक्रमावासी एक बहुत ही महत्वपूर्ण धार्मिक यात्रा है, जो कि भारतीय संस्कृति और धार्मिकता के प्रति आदर और समर्पण का प्रतीक है। ज्ञानेईश्वरी यह वह बालिका है जो पैदल यात्रा अपने माता पिता के साथ कर रही है । ऐसी छोटी आयु में नर्मदा परिक्रमा पैदल चलने का अनुभव विशेष होता है, जो उसे समर्पित, संगठित, और धार्मिक भावनाओं से जुड़ता है। इससे बच्चे में सामाजिक सद्भावना, ध्यान, और शक्ति का विकास होता है।

**खबर संक्षेप**

### जिले में नीट परीक्षा 2024 सफलता पूर्वक हुई संपन्न, 97.05 प्रतिशत रही उपस्थिति

**बालाघाट।** जिले के कुल 12 परीक्षा केंद्रों में आयोजित नीट परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न की गई । पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट, सतपुड़ा वेली पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट, ग्रीन वेली पब्लिक स्कूल, सेंट मैरी स्कूल, बालाघाट इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय शंकर साव महाविद्यालय वारासिवनी, विवेक ज्योति ज्ञान पीठ, गुरुदेव इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, आइडियल पब्लिक स्कूल वारासिवनी, जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी एवं ओजस ग्लोबल स्कूल बालाघाट परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें से सतपुड़ा वेली पब्लिक स्कूल में 480 परीक्षार्थी में से 465, महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में 360 में से 351 परीक्षार्थी, ग्रीन वेली पब्लिक स्कूल में 408 में से 402 परीक्षार्थी, सेंट मैरी स्कूल में 360 में से 353 परीक्षार्थी, केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में 342 में से 324 परीक्षार्थी, बालाघाट इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में 480 में से 473, आइडियल पब्लिक स्कूल में 288 में से 281 परीक्षार्थी, जवाहर नवोदय विद्यालय में 288 में से 279 विद्यार्थी, ओजस ग्लोबल स्कूल में 336 में से 320 विद्यार्थी, शासकीय शंकर साव महाविद्यालय वारासिवनी में 360 में से 347, विवेक ज्योति ज्ञान पीठ में 288 में से 275, गुरुदेव इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 288 में से 282 परीक्षार्थी उपस्थित रहे । इस प्रकार सभी विद्यालय में कुल 4278 विद्यार्थियों में से 4152 उपस्थित रहे । परीक्षार्थियों के उपस्थिति का प्रतिशत 97.05 प्रतिशत रहा । जिला प्रशासन द्वारा सभी केन्द्रों पर पुलिस बल की समुचित व्यवस्था की गई थी ।

## मार्ग के निर्माण में हो रहा लाल मिट्टी का उपयोग, ठेकेदार दिखा रहा शासकीय मापदंड को ठेंगा

# नेवरगांव, जाम छिंदलई-नरसिंगा मार्ग के निर्माण में गुणवत्ता पर सवाल. घटिया निर्माण जारी

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।**

बालाघाट सिवनी मार्ग पर स्थित ग्राम नेवरगांव से जाम,छिण्डलई, नरसिंगा सीसी मार्ग का निर्माण कार्य शुरू है,जो धीमी गति से चल रहा है । उक्त मार्ग का निर्माण दो भागों में किया जा रहा है,जिसकी लागत करोड़ों रुपयों में है और नतीजा ना के बराबर या यूँ कहे की मार्ग का घटिया निर्माण कराया जा रहा है फिर भी विभागीय अमलाहो रहे घटिया निर्माण को नहीं रोक पा रहा है मीडिया को उक्त मार्ग के घटिया निर्माण की रोजाना शिकायत प्राप्त हो रही है, कि मार्ग के निर्माण में निम्न दर्जे का मटेरियल एवं लाल मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है जिससे मार्ग की गुणवत्ता पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं बीते दिनों में नेवरगांव जाम छिण्डलई मार्ग की गुणवत्ता पर जाहिद खान जनपद सदस्य द्वारा सवाल उठाए गए थे । अखबारो की सुर्खियां बटोर चुका मार्ग का यह मामला विभागीय अधिकारियों ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है, इसलिए तो घटिया निर्माण जारी है । विभागीय अधिकारियों की गैर मौजूदगी में मार्ग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें नेवरगांव, जाम,बहेगाँव सहित छिण्डलई के दर्जनों निवासियो ने हो रहे घटिया निर्माण संबंध में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी की है,बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग के अधिकारी शिकायतकर्ताओं को डरा भी रहे हैं और धमका भी रहे है,जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि लोक निर्माण विभाग और मार्ग के ठेकेदार की आपसी मिली भगत से मार्ग का घटिया निर्माण कराया जा रहा है..? सोचने वाली बात तो यह है कि मार्ग का निर्माण करने वाले ठेकेदार द्वारा मार्ग को खोद कर वही का मटेरियल वही लगाया जा रहा है जिस मार्ग की ऊंचाई कम हो रही है जाम के ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मार्ग के निर्माण में लाल मिट्टी का उपयोग कर गुणवत्ता विहीन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है मार्ग पर अर्थ वर्क के कार्य में निम्न दर्जे का मटेरियल उपयोग किया जा रहा है जिससे सड़क की गुणवत्ता पर बार-बार सवाल उठने शुरू हो गया है मार्ग के घटिया निर्माण की दास्तान जाम निवासी गणपत तरवरे ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि मेरे द्वारा नेवरगांव जाम छिण्डलई मार्ग के घटिया निर्माण की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की गई है जिसका शिकायत क्रमांक 26722541है शिकायतकर्ता ने मीडिया को बताया कि जाम बस्ती में ठेकेदार द्वारा बगैर अतिक्रमण तोड़े बगैर बिजली के पोल हटाए रोड के ऊपर सी. सी.रोड बनाई जा रही है जिससे रोड की ऊंचाई कम हो रही है मार्ग पर नीचे से लेकर पर तक सिर्फ मिट्टी ही डाली जा रही है जिससे बारिश के आगामी दिनों में किसा नो को भारी मुसीबत हो सकती है ठेकेदार द्वारा मार्ग के निर्माण में गुणवत्ता विहीन मार्ग का निर्माण कर लीपा पोती की जा रही है । मेरे द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा मुझझे फोन कर उल जुलूस बातें की गई और कहां गया कि तेरी क्या बखत है जबरदस्ती 181 में शिकायत दर्ज करता है क्या यही सीखे हो क्या गांव वालों ने कार्यकर्ता ने उक्त अधिकारी का नाम पूछा तो उन्होंने फोन काट दिया । वह कहावत तो आपने सुनी ही होगी आपने उल्टा चोर कोटवार को डांटे सवाल यह है कि जनता के नौकर ही जनता से बदतमीजी करेंगे तो तो सुशासन की उम्मीद कैसे की जा सकती है, शायद लोक निर्माण के आला अधिकारी भूल बैठे हैं कि जनता के पैसे से ही सड़क का निर्माण किया जा रहा है किसी व्यक्ति विशेष के नहीं और गुणवत्ता पर सवाल उठाना हमारा काम है जाम के अनेकों ग्रामीणों ने कलेक्टर से अपील है कि नेवरगांव बहेगाँव जाम छिंदलई मार्ग का निर्माण घटिया स्तर का हो रहा है घटिया निर्माण पर लगाम लगाई जाए ताकि आवागमन सरल और सुलभ हो।






**इनक कहना हैं**



बगैर बेस डालें जाम बस्ती में रोड के ऊपर रोड बनाई जा रही है। मार्ग के निर्माण में ऊपर से नीचे तक लाल मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है ठेकेदार द्वारा मार्ग का घटिया निर्माण कर लीपा पोती की जा रही है शिकायत करने पर अधिकारी बदतमीजी से बात कर रहे हैं बालाघाट विधायक और कलेक्टर से अपील है कि मार्ग का निर्माण गुणवत्ता युक्त होना चाहिए और हो रहे घटिया निर्माण को रोका जाए।

**गणपत तरवरे,**
**निवासी जाम**

### 70 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए



**बालाघाट ।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सोमवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि शनिवार को 70 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 797 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए। इस दौरान एडीएम जीएस धुर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर, पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी गजेंद्र कठाने, एजी-3 विश्वेश्वर भगत, एएसआई श्री सुरेश लिंगैय्या तथा राजनितिक पार्टी भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, बीएसपी से गगन सोनी, निर्दलीय रघुवीर चौहान, हिमांशु सिंह कोहराम, पोस्टमेन रक्षित डोंगरे तथा पीपीआईडी दिलीप कुमार श्यामकुंवर एवं आरके लोंहारे उपस्थित रहे।

### 10 मई को विविध कार्यक्रमों के साथ मनाई जायेगी परशुराम जयंती : पाठक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



जिला सर्वब्राम्हण समाज के अध्यक्ष राजेश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भागवान परशुराम की जयंती विविध कार्यक्रमों के साथ पूरे हर्षोल्लास के साथ धार्मिक भावना से ओतप्रोत होकर मनाई जायेगी। विप्रकुल गौरव, भगवान परशुराम हम सबके आराध्य, द्विज श्रेष्ठ, वीर शिरोमणि, परम पराक्रमी, भगवान परशुराम के प्रकट उत्सव के पूर्ण अवसर पर माँ त्रिपुर सुन्दरी मंदिर जयस्तंभ चौक बालाघाट प्रतिष्ठि भगवान परशुराम की प्रतिमा के सम्मुख 10 मई को प्रातः 9 बजे से मंत्र पूजन, हवन, महाआरती एवं महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष पाठक के अनुसार पिछले वर्ष 2023 को जिले में सामाजिक भावना का सम्मान हुए जनभावना के अनुरूप भगवान परशुराम की प्रतिमा की स्थापना के साथ ही भगवान श्रीराम माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ श्रीराम दरबार की प्रतिमा स्थापित की गई थी जिसको लेकर लंबे समय से समाज प्रयासरत था कि मुख्यालय में भगवान परशुराम जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाये और यह संकल्प सभी के प्रयासों से पूर्ण हुआ। 10 मई दिन शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर त्रिपुर सुन्दरी मंदिर मे ब्राम्हण समाज की ओर से विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है। मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सर्वब्राम्हण समाज संगठन के महासचिव अजय मिश्रा, आदित्य पंडित, डॉ. अविनाश शुक्ला, आनंद दुबे, जॉबी मिश्रा, मुकेश तिवारी, निशांत मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, पवन पाठक, अजीत तिवारी, वैष्णव गुरूजी सहित समस्त संगठन पदाधिकारी के साथ महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती संध्या दीक्षित, श्रीमती किरण तिवारी, श्रीमती साधना शुक्ला, श्रीमती मंजुला तिवारी, श्रीमती कौशल्या पाठक, रीना त्रिवेदी, कविता पराशर, सरला शुक्ला सहित समस्त संगठन पदाधिकारियों ने सर्वब्राम्हण समाज के समस्त सामाजिक बन्धुओं से आव्हान किया है कि 10 मई को वह त्रिपुर सुन्दरी मंदिर पहुंच कर भगवान परशुराम जयंती में आयोजित विविध कार्यक्रमों में भाग लेकर उसे सफल बनाने में अपना योगदान देकर पूण्य अर्जित कर आयोजन को सफल बनाये।

### बेहरई के शिवमंदिर से दानपेटी चोरी



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

लालबर्रा थाना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहरई के मशीन टोला एवं उदासी टोला के मध्य स्थित शिवमंदिर मे 5 मई की रात्री मे किसी अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा मंदिर में रखी दानपेटी चोरी कर ली गई हैं।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी शिव कटरे ने बताया कि मेरे द्वारा सोमवार सुबह जब मंदिर का गेट खोलकर मंदिर में झाड़ू लगाने गये तो देखा कि मंदिर में भगवान शिव व मां शारदा देवी की मूर्ति के बीच में रखी दानपेटी गायब थी। फिर मेरे द्वारा पूजा करने आये महिलाओं व आसपास के व्यक्तियों को चोरी होने की जानकारी दी गई। दानपेटी मे ग्रामीणों एवं पूजा करने वाले महिलाओं व पुरूषों के द्वारा अपनी अपनी इच्छाओं के अनुसार दान किया जाता था। श्री कटरे ने बताया कि इसके एक वर्ष पहले भी मां शारदा देवी की सोने की आंखें भी चोरी हो चुकी हैं। और अब चोरों के द्वारा दानपेटी भी चोरी की गई।

### रेल्वे ब्रिज का काम स्लो नोटिस जारी कर पब्लिक न्यूसेंस का केस दर्ज होगा

## सड़क निर्माण एजेंसियों को धारा-144 के दायरे में लाया जाएगा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

जनवरी से अप्रैल माह में पिछले 2 वर्षो की तुलना में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयी है। इससे घायलों और मृतकों की भी संख्या कम हुई है। सोमवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 4 माह में सड़क दुर्घटनाओं में 16.19 प्रतिशत,घायलों की संख्या में 18.78 और मृतकों की संख्या में 5.74 प्रतिशत की कमी आयी है। इसके कई कारण हो सकते है, इसमें सड़को का निर्माण, पर्याप्त संख्या में चालानी कार्यवाही और जागरूकता के कारण भी सम्भव है। हालांकि कुछ ब्लैक स्पॉट अभी भी जिले में है उन्हें दुरुस्त करना है। जो सड़कें बन रही है, उन सड़कों पर ब्लैक स्पॉट नही बने इस बात का भी ध्यान देना होगा। बैठक में सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि कलेक्टर डॉ.मिश्रा यदि सड़को पर व्यवस्थित साइनेज, गति अवरोधक और लाइन नहीं बनाई जाएगी तो प्रकरण भी दर्ज होंगे। साथ ही इस कार्य को पूरा करने के लिए अब जिले में सड़क निर्माण एजेंसियों पर धारा-144 के आदेश का पालन करना होगा। उन्होंने नगर पुलिस अधीक्षक श्री अंजुल मिश्रा से कहा कि इसको पूरा कराएं साथ ही रेलवे ब्रिज का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। नोटिस जारी कराएं व धारा-133 में पब्लिक न्यूसेंस में केस भी दर्ज करें। नागरिकों को निकलने में कितनी परेशानियां हो रही है। इसका अंदाज वो नही लगा पा रहें है। वही लामता-परसवाड़ा मार्ग पर बन रहे पुल निर्माण की धीमी गति पर नोटिस जारी किया जाएगा। बैठक में एसपी श्री समीर सौरभ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, तथा सड़क निर्माण एजेंसियों के कार्यपालन यंत्री मौजूद रहे।

#### हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट पर चालानी कार्यवाही जारी रखेगा विभाग

बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने परिवहन और यातायात विभाग से कहा कि हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट शहर में वाहनों में दिखाई नही दे रही है। इस पर कार्यवाही जारी रखी जाए। वर्ष 2022 और 2023 कि तुलना में वर्ष 2024 में 30 अप्रैल तक कि स्थिति में चालानी कार्यवाही भी अधिक हुई है। 2022 में 822 चालान बनाए जबकि 2023 में 404 चालान और इस वर्ष 30 अप्रैल तक 1239 चालान से 15 लाख 81 हजार रुपये से अधिक राशि वसूली गई है। साथ ही जिले में 8 ब्लैक स्पॉट्स का चयन किया गया है। इन ब्लैक स्पॉट्स में रम्बल स्ट्रिप, रोड मार्किंग,स्पीड लिमिट बोर्ड, ब्रेकर और साइन बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया गया।

# किरनापुर- रजेगांव मार्ग बना दुर्दशा का शिकार !

## दुर्घटना को दावत दे रहा बीच सड़क में बना गडडा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** किरनापुर से राजेगांव की और परसवाड़ा डॉ. डी एल बाकट क्लीनिक के सामने बना मेन रोड पर बना गड्ढा, दुर्घटना का शिकार -इस मार्ग की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है इस मार्ग को लेकर जिस प्रकार सत्तारूढ़ पार्टी का विपक्ष के नेता अपने-अपने स्वार्थ के मध्य नजर जिस प्रकार की बयान बाजी कर रहे हैं, उस क्षेत्र की जनता को कोई लाभ मिलने के स्थान पर लगातार परेशानी का हर सामना करना पड़ रहा है।

**मार्ग पर बना गड्ढा दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण :** इसी कड़ी में किरनापुर से राजेगाव मार्ग पर डी डा. डीएल बाकट के अस्पताल के सामने बीच सड़क में एक बड़ा सा गड्ढा विगत कई दिनों से बना हुआ है ।लेकिन इस गड्ढे को बंद करने की ओर किसी का ध्यान नहीं है इसे बंद करने के लिए नागरिकों द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी कहा गया लेकिन आज तक इसे बंद नहीं किया गया। और यह गड्ढा एक बड़ी दुर्घटना को कभी भी जन्म दे सकता है अब तक इस गड्ढे में कई साइकिल सवार गिरकर घायल हो चुके हैं ।किंतु लगता है कि जनप्रतिनिधि भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी गण किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं ।

**नागरिकों ने की बंद करने की अपील :** क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ,नागरिकों एवं सरपंच व ग्रामीणों ने इस गड्ढे को तत्काल बंद करने एवं सड़क की मरम्मत कार्य करवाने की अपील लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की है

**होडिंग की राशि से बुझ सकता है गडडा :** इस सड़क मार्ग के निर्माण को लेकर जन प्रतिनिधियों द्वारा अपने 3 वर्षों में जितनी राशि के होल्डिंग लगाए गए हैं यदि उस राशि का उपयोग मरम्मत कार्य में किया जाता तो सड़क की हालत कुछ ठीक रहती । क्षेत्र के नागरिकों क किरनापुर से रजेगांव मार्ग पर परसवाड़ा की ओर वाली सड़क पर पिछले कई महीनों से बीचों बीच बना गड्ढा का सबब बना हुआ है। आए दिन बाइक चालक गड्ढे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। लेकिन जिम्मेदारों का ध्यान समस्या को दूर करने की ओर नहीं हैं। स्थानीय डा. बाकट ने बताया कि पानी के तेज बहाव के कारण सड़क के बीचोंबीच गहरा गड्ढा बन गया है। गड्ढे के कारण आए दिन बाइक चालक चोटिल हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने बताया कि जिम्मेदार प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों को ध्यान इस तरह की छोटी-छोटी समस्याओं की तरफ भी नहीं है। अधिकारियों को भी निरीक्षण करना चाहिए, ताकि इस तरह की छोटी-छोटी समस्याएं उनके संज्ञान में आ सके तथा उनका समय रहते निदान हो सके। लेकिन लगता है कि अधिकारियों की नींद भी किसी बड़े हादसे के बाद टूटती है। लोगों की समस्याएं जानने के लिए अधिकारियों को फुर्सत ही नहीं है।

पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ श्री नेवारे जी से फोन पर चर्चा करने पर वे असमर्थ रहे।





### अप्रारंभ आवास विधिक सेवा में प्रस्तुत करने के लिए 20 मई तक का दिया समय

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को नगरीय निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने महत्वपूर्ण रूप से सभी सीएमओ को निर्देश दिए है कि 20 मई तक सभी निकायों के अप्रारंभ आवासों की सूची विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत करेंगे। जिले में ऐसे 349 आवास है। साथ ही ऐसे आवास जिनकी प्रथम, द्वितीय या तृतीय क़्रस्ति जारी हो चुकी है इनके बावजूद अपूर्ण है। इसमें 2827 आवास है। ऐसे मामलों में सीएमओ आरआरसी जारी कराए। वही तहसीलदारों को भी इस मामलें में वसूली के लिए निर्देशित किया है। इसके अलावा कटंगी नगरीय निकाय में तीसरी क़्रस्ति के मामलें में निकाय को टीम बनाकर वस्तुस्थिति क्लीयर करने के निर्देश दिए है। साथ ही इस मामले में जिला पंचायत सीईओ को मूल रिकॉर्ड भी उपलब्ध कराएंगे।

## पान मटेरियल दुकान में हुई चोरी, किराना दुकान में चोरी का प्रयास

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी-बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज से महज चंद कदम की दूरी पर स्थित पान मटेरियल की दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. वहीं इसी रोड़ पर अज्ञात चोरों ने ही एक किराना दुकान में शटर का ताला तोड़कर चोरी का असफल प्रयास किया. हालांकि दोनों ही दुकानदारों ने पुलिस में अब तक कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई है. प्राप्त जानकारी अनुसार जीलानी पान मटेरियल एण्ड कॉन्फेंसनरी की दुकान में अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर 26 हजार रुपए की नगदी रकम पर हाथ साफ कर दिया. दुकान के संचालक फिरोज खान ने बताया कि गत दिवस की रात्रि दुकान में चोरी की वारदात हुई. उन्होंने बताया कि चोरी की वारदात के एक दिन पहले से उनकी दुकान बंद थी. वह निजी कार्य से शहर से बाहर गए हुए थे. पड़ोस में टायर पंचर की दुकान वाले ने फोन पर जानकारी दी कि दुकान के ताले टूटे हुए है जिसके बाद पहुंचकर देखा तो दुकान के भीतर से 26 हजार की नगदी रकम गायब थी. अज्ञात चोरों ने ओम शिव गोरखनाथ किराना एण्ड जनरल स्टोर में भी चोरी का प्रयास किया. दुकानदार ने बताया कि चोरों ने दुकान के सामने शटर का ताला तोड़ने का प्रयास किया लेकिन दुकान के भीतर से भी ताला लगा होने के कारण चोर दुकान में प्रवेश नहीं कर पाए इसलिए वह दुकान के पीछे बने आवास की दीवार फांदकर अंदर आ गए लेकिन चोरी करने में असफल रहे।

जैसा कि रेलवे ओवर ब्रिज के पास की इन दो दुकानों में एक दुकान में चोरी हुई है जबकि दूसरी दुकान में चोरी का असफल प्रयास किया गया. लेकिन दोनों ही दुकानदारों ने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज नहीं करवाई थी. ओम शिव गोरखनाथ किराना दुकान के संचालक ने बताया कि इसके पहले भी दुकान में चोरी हुई थी तब शिकायत करवाई थी परंतु चोर पकड़े नहीं गए. जब पुलिस चोरों को पकड़ ही नहीं सकती थी तो फिर पुलिस में शिकायत करने का क्या फायदा. वहीं जीलानी पान मटेरियल एण्ड कॉन्फेंसनरी के संचालक कहा कहना है कि जिस रात को चोरी की वारदात हुई थी. उस रात के पहले से ही वह शहर के बाहर थे इसलिए रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई. हालांकि सोमवार की शाम फिरोज खान ने थाने में चोरी की लिखित सूचना दी है. इन दोनों दुकानों के संचालकों ने जिस तरह से अपनी बात रखी है. उससे तो यहीं लग रहा है कि इन दुकानदारों को पुलिस पर बिलकुल भी भरोसा नहीं है कि वह चोरों को पकड़ लेगी. शायद इस कारण से इन दुकानदारों ने थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई है।

बीते दिनों कटंगी पुलिस ने भले ही अंतराज्जीय बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता अर्जित की है. मगर, एक कड़वा सच यह भी कि कटंगी पुलिस ने बीते 05-07 सालों में घरों और दुकानों में होने वाली चोरी के किसी भी चोर को नहीं पड़का है. जिस कारण दुकानों और घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोर बेखौफ होकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है. जनता का पुलिस से विश्वास उठते जा रहा है. ऐसा भी नही पुलिस रात्रि में गश्ती नहीं कर रही है. पुलिस देर शाम से लेकर पूरी रात गश्ती भी करती है बावजूद इसके चोर पुलिस को चकमा देकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने में सफल हो रहे है।




### पीएम आवास महा घोटाला- पीएम आवास मामले में नपा में अध्यक्ष और पार्षदों की हुई बैठक

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

नगर परिषद कटंगी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में बड़ा घोटाला हुआ है. इस घोटाले के कारण 140 पीएम आवास हितग्राहियों को करीब 5 साल से तीसरी किस्त नहीं मिल पाई है. वहीं कई अपात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया गया है. यह खबर प्रकाशित होने के बाद नगर परिषद कटंगी साख पर गहरा असर पड़ा है. वहीं हितग्राही पूरे मामले को लेकर नगर परिषद का घेराव करने की तैयारी में है. इस बीच सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर की अगुवाई में पार्षदों की बैठक हुई. अध्यक्ष ने इस बैठक का आयोजन करवाया था. जिसमें भाजपा पार्टी के कुछ ही पार्षदों को आमंत्रित किया गया था लेकिन इस बैठक में जाने-अनजाने कांग्रेस पार्टी के पार्षद भी शामिल हो गए. बताया जा रहा है कि बैठक में काफी देर तक पीएम आवास से जुड़ी हितग्राहियों की तीसरी पर चर्चा की गई. लेकिन सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, नोड़ल अधिकारी उपयंत्री राजेश चौकसे, लिपिक अशोक दुबे अध्यक्ष और पार्षदों को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए. वहीं बीच बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी और उपयंत्री बालाघाट कलेक्टर द्वारा बैठक आयोजित करने की बात कहकर चले गए।

बैठक में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टी के पार्षदों ने इस बात को पुरजोर तरीके से उठाया कि जब यह पूरा मामला इस परिषद के कार्यकाल का नहीं है तो फिर निष्पक्ष जांच करवाई जाए और जो भी इसमें दोषी है उसके खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित करें. दरअसल, बैठक के दौरान सीएमओ, उपयंत्री और लिपिक से अध्यक्ष और पार्षदों ने यह जानकारी मांगी कि कितने हितग्राहियों के नाम सरेंडर किए गए है तो अधिकारी गोल-मोल जवाब देने लगे. जिसके बाद बैठक में मौजूद परिषद के सदस्य और अध्यक्ष ने एक राय होकर दो दिन का वक्त अधिकारियों को देते हुए सरेंडर किए गए हितग्राहियों की सूची तैयार करने को कहा है।



**SATPUDA ENGINEERING COLLEGE**
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
**B.Tech. & Polytechnic**
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING |CIVIL| MECHANICAL |ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com